(b) The textile mills under Government management, exported goods during the years 1972 and 1973 to the extent of about Rs. 8.70 crores and Rs. 20 crores respectively.

शराब का उत्पादन

7950. श्री चन्दूलाल चन्द्राकर : क्या औद्योगिक विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या स्वतंत्रता के बाद देश में शराब का उत्पादन और बढ़ा है ;

(ख) क्या शराब की मांग दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है ;

(ग) यदि हां, तो वर्ष 1947 तथा वर्ष 1973 में इसका उत्पादन कितना-कितना था ; और

(घ) तब से उक्त अवधि तक सरकार को कितनी आय हुई ?

औद्योगिक विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० बी० राणा) : (क) से (घ) . शराब की मांग का अनुमान नहीं लगाया गया है । उपलब्ध सूचना के अनुसार 1947 में शराब का उत्पादन करने वाला कोई भी एकक संगठित क्षेत्र में नहीं था । हाल के वर्षों में स्वीकृत कुछ एककों में उत्पादन शुरु हो गया है किन्तु 1973 के उनके उत्पादन के सम्बन्ध में ठीक ठीक जानकारी तत्काल उपलब्ध नहीं है । केन्द्रीय सरकार को शराब के उत्पादन से कोई आय नहीं होती है ।

अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लोगों की जनसंख्या

7951. श्री अम्बेश : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जनसंख्या सम्बन्धी नवीनतम आंकड़ो के अनुसार देश के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगो की जनसंख्या सम्बन्धी अलग-अलग आंकडे क्या है ; और

(ख) उनमे स्त्री, पुरुष और बच्चों की संख्या कितनी है ?

गृह मंत्रालय में उप मंत्री (श्री एफ० एच० मोहसिन) (क) और (ख) 1971 की जनगणना के अनुसार देश के ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जन-